RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)
वर्ष : 36 | अंक : 349
हिसार | शनिवार, 16 मार्च, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६

# पाठकपक्ष







## हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ने माता मनसा देवी मंदिर परसिर में बनने वाले अतिरिक्त कॉरिडोर (गलियारा) का किया शिलान्यास

### मंदिर परिसर को काशी कॉरिडोर की तर्ज पर किया जाएगा विकसित : ज्ञान चंद गुप्ता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**पंचकूला, 16 मार्च :** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता ने आज बड़ी सौगात देते हुए माता मनसा देवी मंदिर परसिर में 6.11 करोड रुपये की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कॉरिडोर का शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री गुप्ता में मंत्रोचारण के बीच भूमि पूजन कर गलियारा के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस कॉरिडोर का निर्माण हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा और यह कार्य लगभग छह महीने मे पूरा हो जाएगा।

इससे पहले श्री गुप्ता ने माता मनसा देवी मंदिर में माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उनके साथ उपायुक्त और श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य प्रशासक सुशील सारवान, नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल और नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता भी उपस्थित थे।

श्री गुप्ता ने कहा कि माता मनसा देवी मंदिर शहर की विशिष्ट पहचान होने के साथ-साथ लाखों लोगों की आस्था का भी केंद्र है। मंदिर परिसर को काशी कॉरिडोर की तर्ज पर किया विकसित किया जाएगा। वर्तमान में मुख्य कॉरिडोर में तीव्र मोड़ होने के कारण माता का मुख्य मंदिर दूर से दिखाई नहीं देता और श्रद्धालुओं को घुमावदार सीढीयों से माता के दर्शन करने पड़ते है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए यहां मुख्य मंदिर के ठीक सामने से लंबा-चौड़ा कॉरिडॉर बनाया जाएगा। यह कॉरिडोर वर्तमान पुस्तकालय और वीटा बूथ के बीच से शुरू होकर मुख्य मंदिर तक सीधा रहेगा। वीआईपी प्रवेश में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। नया निर्माण रुड़की स्थित सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा तैयार की गई ड्राइंग के अनुसार होगा।

उन्होंने बताया कि यह अतिरिक्त गलियारा 108 मीटर लंबा और 20 फीट चैडा होगा। कॉरिडोर की शुरूआत में एक नया भव्य प्रवेश द्वार भी बनाया जाएगा। इसके अलावा दूर- दूर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक छोटे सुदंर पार्क का निर्माण भी किया जाएगा। साथ ही माता मनसा देवी मंदिर के समीप उपासना स्थल भी स्थापित किया जाएगा जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर सकेंगे। श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर एटीएम भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के तहत लाईट एंड साउंड की सुविधा के साथ एक ओपन एयर थियेटर का निर्माण किया जाएगा जहां श्रद्धालु आराम से बैठकर माता के भजनों को सुन सकेंगे।

इस अवसर पर माता मनसा देवी श्राइन बोर्ड के सीईओ अशोक कुमार बंसल, सचिव शारदा प्रजापति, काली माता मंदिर के सचिव पृथ्वीराज, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकर के कार्यकारी अभियंता एनके पायल, बोर्ड के एसडीओ राकेश पाहुजा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा नरेंद्र लुबाना, मण्डल महामंत्री प्रमोद वत्स, बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप यादव, पार्षद सुरेश वर्मा, सोनू बिडला, बीजेपी कार्यालय सचिव सुरेंद्र मनचंदा, वंदना गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## आज से पेटीएम वॉलेट में डिपॉजिट बंद, पेटीएम वॉलेट में रखे पैसों से कर सकेंगे फास्टैग की पेमेंट

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 16 मार्च :** आरबीआई की नई गाइडलाइन, आज से पेटीएम वॉलेट में पैसे नहीं होंगे जमा, पेटीएम का फास्टैग है तो बदलना पड़ेगा। आपने ऐसा नहीं किया तो आपको दोगुना टोल भी चुकाना पड़ सकता है। नियमों के अनुसार फास्टैग से पेमेंट न होने पर दोगुना टोल देना होता है। हालांकि, अगर आपके पेटीएम वॉलेट में पहले से पैसे पड़े हुए हैं तो इससे फास्टैग के जरिए टोल पेमेंट कर सकेंगे। भारत में पेटीएम के सबसे ज्यादा फास्टैग यूजर्स हैं। गाइडलाइन के मुताबिक अगर किसी यूजर का पेटीएम वॉलेट में पैसा पड़ा हुआ है तो वह 15 मार्च के बाद भी इससे पेमेंट कर सकेगा। वहीं अगर वह चाहे तो पेटीएम वॉलेट के पैसों को अपने बैंक अकाउंट में भी ट्रांसफर कर सकता है। पेटीएम वॉलेट की सुविधा बंद होने से इसकी यूपीआई सर्विस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। ये पहले की ही तरह काम करती रहेगी। वहीं साउंड बॉक्स की सुविधा भी मिलती रहेगी। इसके अलावा पेटीएम के जरिए टिकट बुकिंग, रिचार्ज और बिल पेमेंट करने जैसी अन्य सुविधाएं भी मिलती रहेंगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने रेगुलेटरी नियमों का पालन नहीं करने और कई अन्य अनियमितताओं के चलते 29 फरवरी के बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सभी बैंकिंग एक्टिविटी बंद करने का आदेश दिया था।

Paytm

### बैंकों या फोनपे से ले सकते हैं नया फास्टैग

नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानी एनएसएआई ने पेटीएम फास्टैग यूजर्स को 15 मार्च से पहले किसी अन्य अथॉराइज्ड बैंक से नया फास्टैग खरीदने की सलाह दी है। एनएचएआई ने फास्टैग जारी करने वाले बैंकों की रिवाइज लिस्ट भी जारी की है।

इस लिस्ट में अब 39 बैंक और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों को शामिल किया गया है। इस लिस्ट में पेटीएम पेमेंट्स बैंक ''पीपीबीएल'' का नाम शामिल नहीं है। इन बैंकों से या आप फोनपे ऐप के जरिए भी फास्टैग मंगवा सकते हैं।

फोनपे ओपन करें और यहां बाय फास्टैग पर टैप करें।

अपना पैन, व्हीकल रजिस्ट्रेशन नंबर और मोबाइल नंबर डालें और कंटिन्यू पर टैप करें।

अगले पेज में व्हीकल रजिस्ट्रेशन नंबर और मॉडल नंबर दर्ज करें और कंटिन्यू पर टैप करें।

अपना डिलीवरी पता दर्ज करें और कंटिन्यू पर टैप करें।

इसके बाद आपको पेमेंट करना होगा।

## ईडी समन केस में सीएम केजरीवाल को अग्रिम जमानत, जांच एजेंसी के 8 समन पर हाजिर नहीं हुए थे

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 16 मार्च :** अप्रैल 2024 में शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल से सीबीआई ने अपने ऑफिस में करीब साढ़े 9 घंटे तक पूछताछ की थी। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने पेश हुए। पेशी के एक मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट ने इस मामले में केजरीवाल को हाजिर होने से भी छूट दे दी है।



ईडी ने कोर्ट से कहा कि वह शराब नीति को फाइनल करने से पहले हुई बैठकों और रिश्वतखोरी के आरोपों पर केजरीवाल का बयान दर्ज करना चाहती है, लेकिन 8 समन भेजने के बाद भी वो हाजिर नहीं हुए। केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से अपील की कि उन्हें ईडी से वे दस्तावेज चाहिए, जिनके आधार पर उनसे पूछताछ होनी है। कोर्ट ने ईडी को दस्तावेज देने के आदेश दिए हैं। मामले की सुनवाई 1 अप्रैल को होगी। इससे पहले, राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार (15 मार्च) को सुनवाई हुई थी। ईडी की याचिका पर कोर्ट में पेश होने के लिए उन्हें 7 मार्च को समन जारी हुआ था। ईडी अब तक 8 समन जारी कर चुकी है। केजरीवाल एक बार भी एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। इसके बाद जांच एजेंसी ने कोर्ट में केजरीवाल के खिलाफ दो शिकायतें दर्ज करवाई हैं।

### वकील बोले- सीएम ने ईडी के हर समन का जवाब दिया

*कोर्ट में 15 मार्च को स्पेशल जज (सीबीआई) राकेश सयाल की सिंगल बेंच में ईडी की तरफ से एएसजी एसवी राजू पेश हुए। वहीं, केजरीवाल के वकील सीनियर एडवोकेट रमेश गुप्ता और एडवोकेट राजीव मोहन रहे। केजरीवाल के वकीलों ने कहा कि दिल्ली सीएम ने ईडी के हर समन का जवाब दिया है। मुख्यमंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी की वजह से वो ईडी के सामने पेश नहीं हो सके। ईडी ने कोर्ट में शिकायत करने से पहले केजरीवाल को कारण बताओ नोटिस भी नहीं दिया। दिल्ली सीएम जब 2 फरवरी को 5वें समन के बाद पूछताछ के लिए नहीं आए थे, तब ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में याचिका लगाई थी। केजरीवाल दिल्ली विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और बजट सेशन के कारण 14 फरवरी को कोर्ट में वर्चुअली पेश हुए थे। कोर्ट ने इसके बाद अगली सुनवाई के लिए 16 मार्च की तारीख तय की थी। बता दें कि शराब नीति घोटाला मामले में ईडी अरविंद केजरीवार को अबतक 8 समन भेज चुकी है। केजरीवाल को 27 फरवरी, 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज गया था। हालांकि, वे एक बार भी पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए हैं।*

## भाजपा प्रत्याशी बनने के बाद पहली बार फतेहाबाद पहुंचे अशोक तंवर, समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**फतेहाबाद, 16 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से सिरसा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद डॉ.अशोक तंवर शनिवार को फतेहाबाद पहुंचे। इस दौरान उनका जगह-जगह पर स्वागत किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहले गांव भोडा में प्रवेश करने पर तंवर का स्वागत किया। इसके बाद विधायक दुड़ाराम के नेतृत्व में लघु सचिवालय के सामने स्वागत किया गया यहां से विधायक के साथ अशोक तंवर खुली गाड़ी में सवार हुए और लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए आगे के लिए रवाना हुए। इस दौरान मीडिया से बातचीत में अशोक तंवर ने कहा कि हरियाणा की 10 की 10 लोकसभा सीटों को जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे। आज पूरा देश मोदी मय हो चुका है। जनता बेसब्री से चुनाव का इंतजार कर रही है ताकि भाजपा के पक्ष में मतदान करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर मोहर लगा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन बूथ स्तर पर मजबूत है। संगठन के कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत सिरसा लोकसभा क्षेत्र में भी भाजपा रिकॉर्ड तोड़ मतों से विजयी होगी।

## इनेलो नेता अभय चौटाला कुरुक्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव

### पार्टी के चुनाव समिति के अध्यक्ष ने दी जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** लोकसभा चुनाव के लिए इनेलो पार्टी ने भी अपने पत्ते खोलने शुरू कर दिए हैं। इनेलो पार्टी के चुनाव समिति के अध्यक्ष प्रकाश भारती ने पत्रकार वार्ता में बताया कि अभय चौटाला कुरुक्षेत्र से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। अभय चौटाला इससे पहले साल 2004 में भी कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। उस चुनाव में कांग्रेस के नवीन जिंदल सांसद चुने गए थे। अभय चौटाला को 201769 वोट मिले थे और वे नवीन जिंदल से 1,60,238 मतों से पराजित हो गए थे। इसी तरह से 2019 में अभय चौटाला के बेटे अर्जुन चौटाला ने भी लोकसभा का चुनाव लड़ा और उन्हें करीब 60 हजार वोट मिले थे।









# सम्पादकीय..........

## नए युवा मतदाताओं पर लोकतंत्र की जिम्मेवारी...

*नए मतदाताओं का नया दृष्टिकोण होता है। एक युवा मतदाता की ऊर्जा और तकनीक-प्रेमी प्रकृति, चुनावी परिदृश्य को जीवंत बनाती है। साथ ही उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देती है। वे निर्वाचित प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने एवं जनता से जुड़े मुद्दों का समर्थन करने व आवाज उठाने के लिए सोशल मीडिया का खूब उपयोग करते हैं। इस प्रकार लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाते हैं। देश में इन दिनों आम चुनाव, 2024 की तैयारी चल रही है। ऐसे में युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका की तरफ ध्यान आकर्षित करना जरूरी है। अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी प्रक्रिया में युवाओं की सहभागिता के महत्त्व पर जोर दिया। पहली बार मतदाता बने युवाओं के लिए लक्षित निर्वाचन आयोग के 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के महत्त्व को रेखांकित किया। उन्होंने भारत के युवाओं के जोश और उत्साह की सराहना की तथा उनसे सक्रिय रूप से मतदान में भाग लेने की अपील की। भारतीय निर्वाचन आयोग चुनावों में युवाओं की सार्वजनिक प्रबुद्ध सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान चला रहा है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभियान गीत लॉन्च किया है। यह अभियान गीत मतदाता जागरूकता अभियान का एक हिस्सा है। इस पहल के तहत उच्च शिक्षा संस्थान देश भर में मतदाता जागरूकता कार्यकलापों का आयोजन कर रहे हैं और लोकतंत्र के लिए मतदान करने पर जोर दे रहे हैं। ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं जिनमें ब्लॉग लेखन, पॉडकास्ट, वाद-विवाद आदि का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, तथा मतदाता संकल्प अभियान के जरिए विद्यार्थियों को चुनावी प्रक्रिया की तरफ आकर्षित किया जा रहा है। उन्हें चुनाव प्रक्रिया के बारे में शिक्षित किया जा रहा है। एनएसएस स्वयंसेवक तथा संस्थान के क्लब सक्रिय रूप से अभियान में हिस्सा ले रहे हैं। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और मनोरंजन उद्योग सहित विभिन्न प्लेटफार्मों के प्रभावशाली लोग सक्रिय रूप से इस अभियान का समर्थन कर रहे हैं और पहली बार मतदाता बने युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। देश के कोने-कोने से लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। खेल, मनोरंजन, व्यापार और उद्योग जैसे क्षेत्रों में अपनी छाप छोडऩे वाले प्रमुख नाम इस संदेश को दूर-दूर तक फैलाने के लिए एक साथ आए हैं। यह 'जन आंदोलन' युवाओं की सामूहिक शक्ति और देश के लोकतांत्रिक परिदृश्य को आकार देने में उनकी सक्रिय भागीदारी के महत्त्व को रेखांकित करता है। आइए, हम इस जिम्मेदारी को उठाने और अपनी सामूहिक आवाज की ताकत का उत्सव मनाने के लिए एकजुट हों।*

# हत्या के जुर्म में दो निर्दोष



रेखा मित्तल कथूरिया, वकील

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** मैनावती व रंजीत पर मैनावती की सास की हत्या का सेक्शन 302/452 के तहत मुकदमा दर्ज था। यह मुकदमा सदर थाना पुलिस द्वारा 2021 में दर्ज किया गया था। शिकायत कर्ता के और से सरकारी वकील द्वारा अपनी बात रखी गयी। शिकायत कर्ता ने आपसी रंजिश की वजह से षड्यंत्र रच कर मैनावती व रंजीत पर मुकदमा दर्ज करवाया था। बचाव पक्ष की तरफ से वकील रेखा मित्तल कथूरिया व सतीश कथूरिया द्वारा पैरवी की गई। तथ्यों व सबूतों के आधार पर अपने केस को मजबूती के साथ रखा व निर्दोषों को सजा होने बचाया। माननीय अमित सेहरावत, अतिरिक्त जिला न्यायालय द्वारा दोनों अभियुक्तों को हत्या आरोप से बरी कर दिया गया। आज एक और हत्या केस में भी अधिवक्ता रेखा मित्तल कथूरिया ने हत्या आरोपी दम्पति चंद्रगुप्त व प्रियंका को भी रिहा करवाया। चंद्रगुप्त पर अपनी पत्नी प्रियंका के साथ मिलकर अपने भाई को मारने का आरोप था। बांस पुलिस द्वारा 2021 में हत्या का मुकदमा 302/452/34 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था। आज डॉ गगनदीप मित्तल अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय द्वारा इस केस में हत्या आरोपी दम्पति चंद्रगुप्त व प्रियंका को भी रिहाई दे दी गई। इस केस में भी अधिवक्ता रेखा मित्तल कथूरिया ने अपनी टीम के साथ मजबूती से पैरवी की व निर्दोषों को सजा होने से बचाया। इस मौके पर अधिवक्ता रेखा ने कहा कि क्रिमनल केसों को महिला वकीलों से पैरवी करवाने से घबराते है, जबकि ऐसा नही है। आज के समय में महिला वकील भी किसी से कम नही है। आज उन्हें बहुत ही सकून महसूस हो रहा है कि उन्होंने निर्दोषों को सजा होने से बचाया है।

# आयुष्मान-चिरायु कार्ड पर 575 निजी अस्पतालों द्वारा इलाज बन्द करना सरकार की बड़ी विफलता : पंकज बगला



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** डीवाईएफआई के जिला सचिव मुकेश दुर्जनपुर और युवा नेता पंकज बगला ने एक संयुक्त ब्यान जारी करके कहा कि हरियाणा सरकार के साथ हुए समझौते के मुताबिक, आयुष्मान व चिरायु योजनाओं के तहत इलाज कराने आने वाले मरीजों के बिल का भुगतान निजी अस्पतालों को 15 दिन के बाद करना होता है, लेकिन यहां तीन साल बाद भी अस्पतालों को पैसा नहीं मिल पा रहा है। हस्पतालों ने अपने बकाया 300 करोड़ रुपए मांगे हैं। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत प्रदेश के 575 निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ने वाली है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) हरियाणा ने 15 मार्च रात एक बजे से आयुष्मान और चिरायु कार्ड के लाभार्थियों की इलाज सुविधा बंद करने का फैसला लिया है। आईएमए ने आयुष्मान भारत के सीईओ को पत्र लिखकर बकाया 300 करोड़ रुपये की राशि जल्द जारी कराने की मांग की है। डीवाईएफआई मांग करती है की जल्दी से जल्दी सरकार इस पर फैसला ले ताकि कोई गरीब बिना इलाज के अपनी जान से हाथ ना गंवाए।






# स्त्री की रचनात्मक ऊर्जा का उपयोग समाज के हर क्षेत्र में हो

## अध्यात्म

पौराणिक मान्यता के अनुसार किसी समय ब्रह्मा अकेले थे। अकेलापन उन्हें अच्छा नहीं लगा। अपना एकाकीपन दूर करने के लिए उन्होंने माया का सृजन किया। ब्रह्मा और माया को मिलाकर सृष्टि पूर्ण हो गई। 'एक हाथ से ताली नहीं बजती', 'अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता', 'अकेली लकड़ी, सात की भारी' आदि कुछ कहावतें हैं। ये द्वैत की श्रेष्ठता प्रमाणित करती हैं। स्त्री और पुरुष भी जब तक अकेले रहते हैं, अधूरे होते हैं। अकेली स्त्री या अकेले पुरुष से न सृष्टि होती है, न समाज बनता है और न परिवार। इस दृष्टि से स्त्री और पुरुष को एक-दूसरे का पूरक माना गया है। भगवान महावीर ने धर्मसंघ की स्थापना की। उन्होंने धर्मसंघ में पुरुषों को जितने आदर से प्रवेश दिया, उतने ही आदर से महिलाओं को भी प्रवेश दिया। मोक्ष की साधना और मोक्ष प्राप्ति के अधिकार से उन्होंने स्त्रियों को कभी वंचित नहीं किया। भारत जैसे प्रगतिशील लोकतांत्रिक देश में आज भी स्त्री की स्थिति अच्छी नहीं है। जबकि ढाई हजार वर्ष पहले ही भगवान महावीर ने स्त्री और पुरुष को समानता की तुला पर आरोहित कर दिया था। हमारी संसद में आजादी के 6 दशक के बाद स्त्री के लिए समानता के प्रस्ताव पारित किए जा रहे हैं, जबकि स्त्री की रचनात्मक ऊर्जा का उपयोग व्यापक स्तर पर करने की जरूरत है। जिन समुदायों में आज भी स्त्री को हीन और पुरुष को प्रधान माना जाता है और परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास में स्त्री-पुरुष की समान हिस्सेदारी नहीं होती, वे अपूर्णता का अनुभव करते हैं। महाकवि कालिदास ने अपने महाकाव्य 'रघुवंश' के प्रथम सर्ग के प्रथम श्लोक में वाणी और अर्थ के संबंध की अभिव्यक्ति की है। वाणी एक शक्ति है, अर्थ भी एक शक्ति है। वाणी हो और अर्थ न हो, तो वाणी व्यर्थ हो जाती है। अर्थ हो और वाणी न हो तो वह किसी के उपयोग में नहीं आ सकता। वाणी और अर्थ दोनों एक साथ रहकर ही अपनी सार्थकता प्रमाणित कर सकते हैं। वाणी और अर्थ के रूप में स्त्री और पुरुष का प्रतीक न लिया जाए तो इन दोनों शक्तियों के संयोजन से एक विलक्षण शक्ति का प्रादुर्भाव हो सकता है। उस शक्ति से सामाजिक जड़ता के केंद्र में विस्फोट करके ऐसी चेतना उभारी जा सकती है जो समाज को आगे ले जाए। संभव है यह प्रयोग ऐसे परिणाम लाए, जिसमें समाज में विकास के लिए नए क्षितिज खुल सकें। समाज की संस्थाओं को कुछ ऐसे रचनात्मक काम हाथ में लेने चाहिए जिनमें युगीन समस्याओं के समाधान निहित हों। इस दृष्टि से महिला समाज का शक्ति-जागरण और उसके उपयोग में सचेतन बनना जरूरी है।

*गीता भवन, रामपुरा मौहल्ला में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का पहला दिन*

# दु:खों का कारण अज्ञानता है : गंगेनन्दन महाराज



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** आध्यात्मिक गीता ज्ञान प्रचारिणी सभा एवं समस्त हरि शरणम परिवार के तत्वाधान में आज से गीता भवन मंदिर, रामपुरा मौहल्ला में ब्रह्म ज्ञान सत्संग का शुभारंभ किया गया। पहले दिन प्रवचन होते हुए कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज ने कहा कि जो शिष्य गुरु के सान्निध्य में रहता है, उनके दु:खों को देखकर गुरु का भी मन भर जाता है। उन्होंने कहा कि प्रेम दो प्रकार का होता है। एक स्वार्थ वाला, दूसरा लालच वाला। शरीर के बारे में उन्होंने कहा कि शरीर ही आपका मित्र है, शरीर में दर्द होने पर कोई भी इसको बांट नहीं सकता, यहां तक कि मां-बाप भी नहीं, इसीलिए योगी बनने की जरूरत है। हम कितनी ही ज्ञान की या बड़ी-बड़ी बातें कर लें लेकिन सिद्धांत की बात जब आती है तो हम टिक नहीं पाते। उन्होंने संत की परिभाषा बताते हुए कहा कि संत का जीवन बड़ा कठिन है। आज के संत सभी सच्चे नहीं है। अपने शिष्यों को ही धोखा दे देते हैं, तरह-तरह का पाखंड रचते हैं। मनुष्य से मोह, लालच छूट नहीं पा रहा। संत वही है जो इनसे मुक्ति दिला दे। संत ही मनुष्य के मन को शुद्ध कर सकता है। संत वही है जो परम आनंद के साथ आपको सही मार्ग दिखाए। हमारी समझ में कमी है कि हम असली संतों को पहचान नहीं पाते, असली दु:खों का कारण अज्ञानता है। अच्छा व श्रेष्ठ ज्ञान सच्चे संत के पास ही मिल सकता है। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा एडवोकेट, देवराज पाहुजा, पवन गोयल, दले राम, सुनील मेहता, रवि प्रकाश कौशिक, उषा बक्शी, लता गर्ग सहित सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। समस्त हरि शरणम परिवार के संयोजक सत्यनारायण शर्मा, एडवोकेट ने बताया कि आज सायं 4 से 6 बजे तथा 17 मार्च को प्रात: 10:00 बजे से दोपहर 12:00 तक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। समापन पर प्रसाद वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ब्रह्म ज्ञान सत्संग में कथा व्यास हिमालय तपस्वी परमहंस गंगेनंदन महाराज रोजाना प्रवचन देंगे।

# संस्कृत भारती हरियाणा न्यास: संस्था के हिसार विभाग की पाक्षिक बैठक ऑनलाइन से सम्पन्न

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** संस्कृत भारती हरियाणा न्यास: संस्था के हिसार विभाग की पाक्षिक बैठक ऑनलाइन माध्यम से संपन्न हुई। इस बैठक में प्रांत के कोषाध्यक्ष डॉ. सुरेश, विभाग संयोजक शैलेंद्र का मार्गदर्शन विभाग के कार्यकर्ताओं को मिला। बैठक का विषय रहा कार्यविस्तार। बैठक में तीनों (हिसार - फतेहाबाद - सिरसा) जिलों के कार्यकर्ताओं के बीच कार्यविस्तार के विषय पर परस्पर चर्चा हुई। फतेहाबाद के जिला मंत्री डॉ. राजवीर, सिरसा के जिला मंत्री बलजिंदर ने अपने अपने जिला में आगे की योजना बताई। इसमें डॉ. राजबीर ने हिसार, सिरसा व फतेहाबाद जिला के महाविद्यालयो व गुरुकुलो मे सम्भाषण शिबिर की योजना के क्रियान्वयन के बारे मे बताया। सिरसा से बलजिंदर ने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा चलाए जा रहे पत्राचार माध्यम से निशुल्क संस्कृत अभियान को सिरसा मे घर घर तक ले जाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया की अभी तक वे इस योजना में सिरसा के दस से ऊपर बंधुओं को जोड़ चुके हैं। बैठक में गुरुकुल मताना (फतेहाबाद) से सुनील, हांसी से भावना, बरवाला से सुमनबाला (हिन्दी प्रवक्ता), हिसार से डॉ. नितेश, राजकुमार, संदीप बिजेंद्र शास्त्री, सिरसा से बलजिन्द्र व कपीश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन कपीश ने किया और 'पठामि संस्कृतम् नित्यं....' संकल्प कर शुभारंभ और कल्याण मन्त्र से बैठक का समापन हुआ।

# गांव मेहंदा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का वार्षिक समारोह

*आज के वक्त महिलाएं पुरुषों के बराबर हर तरह का कर रही हैं काम : संजय भुटानी*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 मार्च :** गांव मेहंदा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के वार्षिक समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी सत्यपाल सिंह मुख्य अतिथि रहे और मीडिया वैलबीइंग एसोसिएशन के स्टेट सीनियर वाईस प्रेसीडेंट एवं श्रीमती सत्या- श्री चरणजीत भुटानी स्मृति संघ के संयोजक संजय भुटानी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय के प्राचार्य धर्मपाल पनिहार की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विद्यालय की बालिकाओं ने अपनी शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सुशीला स्मृति पुरस्कार से सम्मानित राजकीय विद्यालय के गणित प्रवक्ता प्रवीण चुघ ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार संजय भुटानी ने अपने संबोधन में बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह ठीक बात है कि जिस परिवेश से वे हैं, वहां संघर्ष ज्यादा है लेकिन वे अपने को किसी से भी काम मत आंकें। आपकी प्रतिभा को देखते हुए यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि यहां की सभी बालिकाएं अपने जीवन में कामयाब रहेंगी। उन्होंने कहा कि आज के वक्त में महिलाएं पुरुषों के बराबर हर तरह का काम कर रही हैं। जहां वे हिमाचल के दुर्गम रास्तों पर परिवहन की बसें चला रही हैं, वही रेलगाड़ियां भी महिलाएं चला रही हैं। विद्यालय प्राचार्य धर्मपाल पनिहार ने कहा कि जिंदगी में हार मानने की जरूरत नहीं होती। कोई भी परफेक्ट नहीं होता, हर कोई अभ्यास से सीखता है। इस मौके पर अतिथियों ने बालिकाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षक, अभिभावक व ग्रामवासी भी मौजूद थे।

# सुण मौल्लड़ की



मुख्य सचिव संजीव कौशल अवकाश पर चले गए- समाचार

**अंतर-आत्मा की आवाज।**

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** व्यक्तित्व में निखार आएगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में बढ़ौतरी होने की संभावना

**वृषभ :** मन में नकारात्मक विचार न आने दें, किसी को धोखा न दें। परिवारजनों का साथ मिलेगा।

**मिथुन :** मन में किसी बात को लेकर तनाव बना रहेगा। कार्यों में अवरोध उत्पन्न होंगे। खर्च की अधिकता परेशान कर सकती है। दुर्गा माता की पूजा करें।

**कर्क :** कारोबारियों को धन लाभ होगा। सुख-सुविधा के सामान पर खर्च संभव है। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।

**सिंह :** कैरियर में इच्छित प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजकीय मामलों में पक्ष मजबूत होगा। कारोबार में विस्तार होकने की संभावना है।

**कन्या :** सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। जरूरतमंदों की सहायता करेंगे।

**तुला :** जोखिम के कोर्यो से दूर रहें। अफवाहों का शिकार हो सकते हैं। लोगों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। भगवान गणेश जी की पूजा करें।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी के साथ संबंधों में मधुरता आएगी। प्यार के मामले में दिन शुभ रहेगा। परिणय चर्चाओं में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु :** व्यर्थ के विवादों से दूर रहें। कोई भी नया कार्य आरंभ न करें। वित्तीय लेन-देन में सावधानी बरतें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**मकर :** मन में जोश व उत्साह बना रहेगा। विद्यार्थियों को मनचाहे परिणाम प्रापत होंगे। सूझ-बूझ व बुद्धि के बल पर सफलता हासिल करेंगे।

**कुंभ :** अंजान लोगों पर भरोसा नुकसानदायी हो सकता है। आत्मविश्वास से कभी आएगीञ तनाव की स्थिति में कोई भी फैसला लेना मुश्किल होगा। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मीन :** अधिकारियों से मेल-जोल बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र की उलझन दूर होगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# कर्म का मर्म

## ऊपर उठने के लिए

एक बार अमेरिका के एक छोटे शहर में मेला लगा। वहां बहुत सारे दुकानदार अपना सामान बेचने के लिए आए हुए थे। उनमें रंग-बिरंगे गुब्बारे बेचने वाला भी था। गुब्बारों में गैस भरी होने की वजह से वे आसमान में उड़े जा रहे थे। उनका एक सिरा दुकान के पास लगे एक खंभे से बंधा था। जैसे ही उसके गुब्बारों की बिक्री कम होने लगती, वह एक गुब्बारा खोलकर फौरन हवा में छोड़ देता। देखते-देखते गुब्बारा ऊपर उठता चला जाता। गुब्बारा ऊपर उड़ता देख मेले में आए बच्चे खूब उत्साह में आ जाते। कुछ ही देर में उसके पास गुब्बारे खरीदने के लिए बच्चों की भीड़ लग जाती। एक अश्वेत किशोर काफी देर से यह दृश्य बड़े ध्यान से देख रहा था। बड़ी हिम्मत जुटाकर वह गुब्बारे वाले के पास पहुंचा और बोला- सर, अगर आप इजाजत दें तो मैं आपसे एक सवाल पूछना चाहता हूं। गुब्बारे वाले ने दूसरे ही पल उसे प्रोत्साहित करते हुए कहा, हां-हां, क्यों नहीं। बेधड़क होकर पूछो न। तुम क्या जानना चाहते हो/ किशोर ने मासूमियत से पूछा, 'कुछ खास नहीं, बस यही जानना चाहता हूं कि क्या काले रंग का गुब्बारा भी आसमान में ऐसे ही उड़ेगा/' उसका यह अनोखा सवाल सुनकर गुब्बारे वाला हैरान रह गया। उसकी आंखें नम हो उठीं। उसने बड़े प्रेम से किशोर को अपने पास की कुर्सी पर बैठाया और समझाते हुए कहा- 'देखो बेटा, गुब्बारा हो चाहे मनुष्य, उसके ऊपर उठने से उसके रंग का कोई संबंध कभी नहीं होता। ऊपर उठने के लिए तो उसके भीतर भरी चीज ही काम आती है। गुब्बारा गैस से उठता है और इंसान अपने हौसले से।'



# अत्यंत महत्वपूर्ण सूचना : चलो अयोध्या

*-पाठकपक्ष डेस्क-*

*सभी धर्मप्रेमी, मानस प्रेमी सज्जनों के लिए अति हर्ष और आनंद का विषय है कि भगवद प्रेरणा से श्री रघुनाथ जी के पावन अयोध्या धाम में 'श्री रामचरित मानस' के संगीतमय नवाहन्न पारायण के पाठ का आयोजन 9 से 17 जुलाई तक करने का भाव है। जिसके मुख्य यजमान श्री सीताराम जी महाराज, मानस पाठ हनुमान जी महाराज के कृपा प्रसाद से पंडित श्री गिरधर गोपाल आसोपा, श्री सुशील आसोपा के स्वर में होगा।*

*और आयोजन करता आप हम सभी। जो सज्जन प्रभु श्री राम जी के धाम में मां सरयू जी के सानिध्य में इस पावन अनुष्ठान में सम्मिलित होना चाहते है शीघ्र से शीघ्र अपनी स्वीकृति प्रदान करावे ताकि रेलवे के टिकट बुक कराए जा सके।*

*पाठ का समय 9 जुलाई को दोपहर 2 बजे से है।*

*जिससे आपकी यह धर्म और भक्ति युक्त यात्रा सफल और सुखद हो सके।*

*भगवत कृपा से इस समय हमे अयोध्या जी में जानकी महल जैसा स्थान मिल रहा है जहा सभी को वातानुकूलित कमरे है। जिसमे की प्रति कमरे में 3 लोगो के रुकने की व्यस्था रहेगी प्रति व्यक्ति स्लीपर ट्रेन एवम वहा चाय नाश्ता और भोजन तथा आने जाने की व्यस्था सहित प्रति व्यक्ति शुल्क 19000/- निर्धारित रखा गया है।*

*कृपया अपनी स्वीकृति शीघ्र अपना शुल्क जमा करा कर करावे ताकि व्यस्था को मूर्त रूप दिया जा सके ।*

*अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे।*
*9461613738, श्री जुगल किशोर जी अधिवक्ता*
*8209628568, जितेंद्र शर्मा, विहीप*
*9461666314 ध्रुव आसोपा*
*9414417951 सुशील आसोपा*






*मोदी जी की गारंटी – सशक्त व आत्मनिर्भर भारत*

# मिशन दिव्यास्त्र के ऐतिहासिक लॉन्च के लिए डीआरडीओ टीम को बधाई : कैप्टन अभिमन्यु



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** अत्याधुनिक एमआईआरवी तकनीक से सुसज्जित हमारी घरेलू अग्नि-5 मिसाइल के सफल परीक्षण के साथ भारत ने एक रणनीतिक मील का पत्थर स्थापित किया है। यह बात आज यंहा जारी एक बयान में हरियाणा के पूर्व वित्त मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहीं। उन्होंने कहा कि मिशन दिव्यस्त्र के साथ, भारत मिसाइल तकनीक रखने वाले देशों के एक विशिष्ट क्लब में भी शामिल हो गया है जो एक ही मिसाइल के माध्यम से कई स्थानों पर कई हथियार तैनात कर सकता है। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत का रक्षा तंत्र और तैयारी पहले से कहीं अधिक मजबूत, स्मार्ट, आत्मनिर्भर और व्यापक हो रही है। एमआईआरवी तकनीक से युक्त अग्नि-5 मिसाइल का विजयी उद्घाटन उड़ान परीक्षण न केवल भारत की तकनीकी क्षमताओं को प्रदर्शित करता है, बल्कि प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अटूट समर्थन और प्रेरणा को भी रेखांकित करता है। पूर्व वित्त मंत्री ने विश्वास जाते जताया कि निश्चित रूप से यह मिसाइल भारत की सुरक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक होगी। इस उपलब्धि के लिए डीआरडीओ के वैज्ञानिकों को बधाई।

## आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन कल : नीरज गुप्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** आर्ट ऑफ लिविंग हिसार इकाई द्वारा दिनांक 17 मार्च, रविवार प्रातः 6:30 से 8:30 बजे तक साधकों को आध्यात्मिक पथ पर आरूढ़ रखने हेतु योग, ध्यान तथा गुरु-ज्ञान जैसे दिव्य गुणों से सुसज्जित परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की पवित्र वाणी में दिव्य- सुदर्शन क्रिया फ़ॉलोअप का आयोजन किया जाएगा। स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता ने बताया कि कल का सत्र दो स्थान - भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हैप्पीनेस सेंटर, मकान नं. 3222, सेक्टर-14, पार्ट- 2 में आयोजित किया जाएगा जिसका संचालन विजय शर्मा एवं कृष्ण कुमार करेंगे।

# मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों का पंजीकरण करवाने, फसलों की स्पेशल वैरिफिकेशन, ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल तथा गिरदावरी जैसे कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : उपायुक्त



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कृषि विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे आज से ही जिले के प्रत्येक गांव में जाकर मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों का अधिक से अधिक पंजीकरण करवाने, फसलों की स्पेशल वैरिफिकेशन, ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल तथा गिरदावरी जैसे कार्यों में तेजी लाएं। इसके अलावा पंजीकरण व इसके आंकड़ों का मिलान करते हुए किसानों के परिवार पहचान पत्र तथा मोबाईल नंबर को अपडेट करने के भी निर्देश दिए। वे शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर आई किसानों की शिकायतों पर अभी तक हुई कार्यवाही की समीक्षा की और कहा कि अधिकारी मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर किसानों की फसल खराबा से संबंधित शिकायतों का निरीक्षण कर उनकी रिपोर्ट शीघ्र भिजवाएं। उन्होंने बताया कि 25 मार्च के आस-पास सरसों तथा 1 अप्रैल के आस-पास गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की जाएगी। इसके लिए सभी जरूरी प्रबंध करने की हिदायत दी गई। बैठक में डीडीए राजबीर सिंह तथा सभी उपमंडलों के कृषि व राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 मार्च से

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में 18 मार्च से ब्यूटी पार्लर कोर्स (30 दिन) का निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा के निदेशक प्रदीप कुमार ने बताया कि निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित शर्तों के अनुसार आवेदनकर्ता हिसार जिले के ग्रामीण क्षेत्र का निवासी होना चाहिए, एससी/बीसी या स्वयं सहायता समूह का सदस्य में से किसी एक प्रमाण पत्र का होना तथा 18 से 45 की आयु का होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आवेदक को खाना, चाय, वर्दी तथा पेन/कॉपी की सुविधा निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक आवेदनकर्ता अपने सभी दस्तावेजों जिनमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र आदि की फोटोकॉपी तथा 4 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ के साथ पीएनबी आरसेटी कार्यालय गांव गंगवा में पहुंचकर निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सुबह 10 से सायं 5 बजे तक मोबाईल नंबर 94684-28152 तथा 79884-41455 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

# बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण 19 मार्च को

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा हिसार जोन के तहत आने वाले जिला हिसार, भिवानी, सिरसा, जींद, चरखी दादरी और फतेहाबाद के बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई 19 मार्च को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मु य अभियंता/परिचालन, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, विद्युत नगर, हिसार के कार्यालय में की जाएगी।

प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अभियंता की अध्यक्षता में कमेटी उपभोक्ताओं की शिकायतों की सुनवाई करेगी। एक लाख से तीन लाख तक की राशि के मामलों की सुनवाई हिसार जोन स्तर पर क्षेत्रीय उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के अध्यक्ष के रूप में नवीन कुमार वर्मा करेंगे। जिसमें मु यतः गलत बिलिंग (1 लाख से 3 लाख तक की राशि), वोल्टेज संबन्धित, बिजली आपूर्ति में बाधाएं, खराब मीटर को बदलने में देरी इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस दौरान कमेटी द्वारा बिजली अधिनियम की धारा 126,127 तथा धारा 135 से 140,142,143,146,152 के अन्तर्गत बिजली चोरी और बिजली के अनाधिकृत उपयोग के मामलों में दंड तथा जुर्माना और धारा 161 के अन्तर्गत जांच एवं दुर्घटनाओं से संबन्धित मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी। कोई भी बिजली उपभोक्ता अपनी शिकायत के लिए मु य अभियंता के कार्यालय में 01662-223302 पर संपर्क कर सकता है या ईमेल zonalcgrfhisar@dhbvn.org.in के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

# सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा 28 मार्च तक

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (पोस्ट ग्रेजुएशन) 28 मार्च तक आयोजित की जाएगी। उपायुक्त प्रदीप दहिया ने बताया कि सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 से 10:45 बजे, दोपहर 12:45 से 2:30 बजे तथा दोपहर बाद 4:30 से 6:15 बजे तक तीन शिफ्टों में आयोजित की जाएगी। उन्होंने परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए हैं। गौरतलब है कि जिले में पहले से विभिन्न परीक्षाओं के मद्धेनजर 2 अप्रैल तक धारा-144 लागू है।

## एमएसएमई केंद्र में कार्यशाला आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** स्थानीय एमएसएमई केंद्र में शुक्रवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान एमएसएमई शाखा विकास कार्यालय भिवानी से सहायक निदेशक रचना त्रिपाठी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। सहायक निदेशक रचना त्रिपाठी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि एमएसएमई क्षेत्र देश व प्रदेश की उन्नति में विशेष योगदान प्रदान कर रहा है। सरकार का खजाना भरने में भी एमएसएमई क्षेत्र हमेशा आगे रहा है। उन्होंने एमएसएमई मंत्रालय की वर्तमान व भावी उद्यमियों के लिए नवीनतम योजनाओं जैसे- स्टैंड-अप इंडिया, मुद्रा योजना, पीपीपी, विलंबित भुगतान, सीडीपी, पीएमएस, आईसी आदि के साथ चैम्पियन पोर्टल के बारे में बताया। संयुक्त निदेशक जनक कुमार ने भी योजनायों विषय पर एक व्याख्यान दिया व अपने व्याख्यान के अंत में 70 से 80 उद्यमियों के सवालों के जवाब दिए। कार्यशाला में डिस्ट्रिक्ट रिसोर्स परसन रवि जांगड़ा, आईईओ सतीश तथा डिप्टी सुपरिन्टेन्डेन्ट विरेंद्र आदि उपस्थित थे।




# लोकसभा आम चुनाव की घोषणा के साथ ही जिला में आदर्श आचार संहिता हो जाएगी लागू : जिला निर्वाचन अधिकारी

## आम चुनाव के मद्देनजर सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की ली बैठक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने लोकसभा के आम चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार सायं जिले से सभी रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित विभिन्न कार्यों के लिए नियुक्त किए गए नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए हिदायत दी है कि वे चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करें। कोई भी अधिकारी या कर्मचारी जारी दिशा-निर्देशों की पालना के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि वे किसी राजनीतिक गतिविधि में हिस्सा लें और ना ही किसी अनैतिक गतिविधि में शामिल हो। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही आयोग की हिदायतों के अनुसार सरकारी व अन्य स्थानों पर राजनीतिक पार्टियों की जुड़ी प्रचार सामग्री को हटाया जाए। उन्होंने बताया कि यदि किसी भी राजनीतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो उसकी अनुमति संबंधित जिला अथॉरिटी से लेनी जरूरी है। उपायुक्त ने चुनावी ड्यूटी में लगे अधिकारियों से संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों को चिह्नित करने के साथ-साथ वे सभी जरूरी कार्य समय रहते पूर्ण कर लें। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनीतिक दलों द्वारा अपनी प्रचार सामग्रियों या भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों तथा चित्रों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा।

# वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, गुरुग्राम में सेलिब्रेटी नाइट में फेमस बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने बिखेरा अपने सुरों का जादू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**गुरुग्राम, 16 मार्च :** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके वर्ल्ड कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, फरुखनगर, गुरुग्राम के प्रांगण में जेनिथ 2024 सेलिब्रिटी नाईट का आयोजन किया गया। वर्ल्ड कॉलेज के रजिस्ट्रार युद्धवीर सिंह लांबा ने जानकारी देते हुए बताया कि सेलिब्रिटी नाईट कार्यक्रम में 67वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में बेस्ट प्लेबैक सिंगर का अवॉर्ड विनर बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने अक्षय कुमार की फिल्म केसरी के फेमस गाने 'तेरी मिट्टी में मिल जावा' से अपनी परफॉर्मेंस की शुरुआत की। पंडाल में उपस्थित कॉलेज के एम.सी.ए, एम.बी.ए, एम.टेक, बी.टेक, बी.बी.ए , बी.सी.ए और डिप्लोमा के छात्रों ने और कॉलेज स्टाफ ने बॉलीवुड सिंगर बी प्राक के मंच पर पहुंचने पर तालियों से उनका स्वागत किया। करीब डेढ़ घंटे की प्रस्तुति के दौरान गायक बॉलीवुड सिंगर बी प्राक ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने समां बांधा और हर किसी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। वर्ल्ड कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट के मैनेजिंग ट्रस्टी श्री कुंवर निशांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि समय-समय पर इस तरह सेलिब्रिटी नाईट के आयोजन में बॉलीवुड के फेमस सिंगर और रैपर यो यो हनी सिंह, गायक इक्का सिंह, सिंगर बोहेमिया, गायक मोहित चौहान, पंजाबी सुपरस्टार सिंगर गिप्पी ग्रेवाल, बॉलीवुड के लोकप्रिय डीजे अकील और मशहूर पंजाबी सिंगर परमीश वर्मा आदि को बुला चुके हैं क्योंकि विद्यार्थियों के सर्वांगिक विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद और मनोरंजन भी जरूरी है।

# हिसार टैक्स बार एसोसिएशन का सेमिनार आयोजित : मुख्य आयकर आयुक्त रमन कांत गर्ग ने दी सेक्शन 43 बी की जानकारी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** टैक्स बार एसोसिएशन हिसार की ओर से सेक्शन 43 बी (एच) विषय पर पुरानी कचहरी के निकट लजीज रेस्टोरेंट में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए इन्कम टैक्स विभाग से मुख्य आयकर आयुक्त रमन कांत गर्ग (आईआरएस) ने अधिवक्ताओं के साथ सेमिनार में 43 बी (एच) विषय पर अपनी जानकारी सांझा की। उन्होंने इन्कम टैक्स से संबंधित विषय पर अपने विचार रखे और अधिवक्ताओं के साथ विचार मंथन किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से एडवांस टैक्स भरने की जानकारी दी और टैक्स संबंधी समस्याओं को दूर करने तथा इस विषय पर ज्ञानवर्धन किया। सेमिनार में मुख्य आयकर आयुक्त रमन कांत गर्ग ने पौधरोपण भी किया। इस दौरान मुख्य अतिथि इन्कम टैक्स विभाग से मुख्य आयकर आयुक्त देवेंद्र सिंह (आईआरएस) ने भी सम्बोधित किया। गेस्ट आफ आनर संयुक्त आयकर आयुक्त वेद प्रकाश (आईआरएस) थे और मुख्य वक्ता सीए नितिन कंवर थे। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रधान तरूण गोयल एडवोकेट, रोहित मित्तल, रजत गुप्ता, आरपी गर्ग, विकास गर्ग, ओपी जिंदल, दर्शन रहेजा, रमेश जैन, दीपक चावला सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

# सांसों का बना के हार बाबा को रिझाऊँ....

## *बीड़ बबरान धाम में बबरान नरेश प्रकटोत्सव का छटा दिन*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** श्रीश्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के छटे दिन आयोजित किये गए श्याम संकीर्तन में गायकारों ने एक के बाद एक भजन गाकर ऐसा समां बांध कि सैंकड़ों श्रद्धालु घण्टों तक झूमते रहे। हिसार के भजन गायक आदित्य गोयल, सरगम, दीपिका, वंदना, अमन आदि ने श्याम बाबा का गुणगान किया। गाये गए भजनों में क्यूं घबराऊँ मैं, मेरा तो श्याम से नाता है..., दीनानाथ मेरी बात..., सांसों का बना के हार बाबा को रिझाऊँ...., गजब मेरे खाटू वाले..., मैं लाडला खाटू वाले का... आदि शामिल रहे। धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि आज के संकीर्तन में एचएयू के अधिष्ठाता डॉ. डॉ. सुरेन्द्र पाहुजा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हिसार व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों भक्तों ने श्याम बाबा के मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया।

## *विकलांग अधिकार मंच ने विधायक कमल गुप्ता के आवास पर किया हल्ला बोल प्रदर्शन और लगाया अनिश्चितकालीन धरना*

# भाजपा सरकार से नाराज होकर मोदी सरकार का पुतला फूंका, लोकसभा में नहीं देंगे विकलांगजन वोट : ऋषिकेश राजली



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** विकलांग अधिकार मंच हरियाणा के बेनर तले ऋषिकेश राजली, कृष्ण गुरी और मैडम पंकज शर्मा के नेतृत्व में हिसार के विकलांग क्रांतिमान पार्क में इकट्ठे हुए। भाजपा सरकार की केंद्र व राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल खड़े करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधायक कमल गुप्ता के आवास पर पहुंचे। इससे पहले मोदी की केंद्र सरकार से नाराजगी प्रकट करते हुए फव्वारा चौक पर मोदी का पुतला फूंका और लोकसभा चुनाव में वोट न देने का बड़ा फैसला लिया। हिसार और भिवानी में लगातार 2 साल से धरने-प्रदर्शन विकलांगों के चल रहे हैं लेकिन सरकार ने विकलांगों की कोई सुध नहीं ली। भाजपा मंत्रियों की इंसानियत मर चुकी है। सरकार विकलांगों को रोजगार देने की बजाय नौकरी से हटा रही है, विकलांग कर्मचारी सहदेव को 9 महीने से अधिक समय हो गया नौकरी से हटाए हुए, उसे बिना कारण नौकरी से हटा दिया गया। आज तक बहाल नहीं किया गया है। न्याय के लिए विकलांग अधिकार मंच हरियाणा हिसार के उपायुक्त कार्यालय पर 6 महीने से अनिश्चितकालीन करने पर बैठा हुआ है।

राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली और कृष्ण गुरी ने कहा कि हरियाणा में विकलांगों की 15 लाख आबादी और हिसार में 80 हजार है। आज इस धरना-प्रदर्शन के माध्यम से सरकार के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को वोट न देने का निर्णय लिया है। इस फैसले को लागू करवाने के लिए हम गांव-गांव में अभियान चलाकर और विभिन्न प्रकार की सूचनाओं के माध्यम से मोदी सरकार को विकलांग और आमजन से वोट न देने की अपील की जाएगी। विकलांगों का सरकार के प्रति धैर्य अब कम होता जा रहा है। आज भी विधायक कमल गुप्ता के आवास पर आए लेकिन कमल गुप्ता नहीं मिले, इससे पहले तीन बार और आ चुके हैं। कमल गुप्ता एक बार भी नहीं मिले लेकिन फोन के माध्यम से आश्वासन देते रहे थे, विधायक के इस व्यवहार से विकलांग जन नाराज हैं। सरकार के प्रति गुस्सा तेज होता जा रहा है, समय रहते हरियाणा सरकार ने विकलांगों की इन मांगों पर गौर नहीं किया तो विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह निर्णय लिया जाएगा।

मैडम पंकज शर्मा और सहदेव सिहाग ने संयुक्त ब्यान में कहा कि विकलांग अधिकार अधिनियम 2016 को जमीन स्तर पर लागू करने, विकलांगों के विभिन्न विभागों में खाली पड़े 15000 पदों को भरने, 40 प्रतिशत विकलांगता पर बस पास और पेंशन बढ़ोतरी आदि कई मांगें लंबित पड़ी है जिस पर सरकार ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया।

प्रदर्शन में राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली, मैडम पंकज शर्मा, मैडम सुनीता, राजेश पनिहार, नरेश भारतीय, सहदेव सिहाग, राजेश सलेमगढ़, गजे सिंह, महावीर कुलेरी, रामकेश राखी, लालसिंह नारनौद, कृष्णा खटक, श्रीकांत, कपिल, नरेश, शमशेर, सुरेंद्र, ओमप्रकाश, जोगिंद्र किराड़ा, सतपाल खेड़ी बर्की, आत्माराम, सुमित, प्रेम सिसवाल, आदि रहे। विकलांग अधिकार मंच के आंदोलन का जनवादी महिला समिति की जिला अध्यक्ष शकुंतला जाखड़, भारतीय किसान यूनियन से सत्यवीर पूनिया, मनरेगा मेट मजदूर यूनियन से रामावतार सुलचानी आदि ने पूर्ण समर्थन किया है।

# ओ.एस.जी.यू ने मनाया पांचवां स्थापना दिवस



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल के नेतृत्व में काम कर रहा ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय ने 15 मार्च को अपना पांचवां स्थापना दिवस मनाया। इस खुशी के अवसर पर विश्विद्यालय चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल ने ओ.एस.जी.यू परिवार को बधाई दी और बताया की शिक्षित समाज का निर्माण करने में ओ.एस.जी.यू अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा देने और देश को विकास के रास्ते पर ले जाने के लिए 2019 में ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्विद्यालय की नींव को रखा गया। तब से लेकर विश्विद्यालय ने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त कर उन्हे अच्छे रोजगार पाने ने सक्षम बनाया है। इसी के साथ चांसलर डॉ पूनम गोयल ने बताया की ओ.एस.जी.यू के बच्चे देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी अच्छे पदों पर कार्यरत है। आज ओ.एस.जी.यू का नाम देश के साथ साथ विदेश में भी अपना नाम रोशन कर रहा है और अंतर्राष्ट्रीय विधार्थी भी ओ.एस.जी.यू से उच्च शिक्षा प्राप्त करने आते है। चांसलर डॉ पुनीत गोयल ने ओ.एस.जी.यू की गत वर्ष की उपलब्धियों को विस्तार से बताया और भविष्य की नीतियां भी सांझा की। उन्होंने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया की हम सब की मेहनत से ओ.एस.जी.यू ने 10 साल की कामयाबी 5 साल में प्राप्त की है इसी के साथ सभी शिक्षको को ओर मेहनत व लगन से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्थापना दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एन. पी. कौशिक ने इस खास दिन की पूरे ओ.एस.जी.यू परिवार को बधाई दी। प्रति-कुलपति डॉ राजेंद्र सिंह छिल्लर ने सभी ओ.एस.जी.यू परिवार और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा की डॉ पुनीत गोयल, प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल के कुशल नेतृत्व और पूरे ओ.एस.जी.यू परिवार की मेहनत से आज विश्वविद्यालय नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत के प्रमुख शिक्षा संस्थानों में ओ.एस.जी.यू भी अहम भूमिका अदा कर रहा है। स्थापना दिवस को धूम धाम से मनाने के लिए प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमे विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने भी अपनी कला के माध्यम से सभी को इस खास दिन की बधाई दी। विश्वविद्यालय में अपनी बेहतरीन सेवाएं देने और लगन से काम करने के लिए चांसलर डॉ पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ पूनम गोयल द्वारा शिक्षक और गैर शिक्षको को सम्मानित किया गया। पूरे विश्वविद्यालय प्रबंधन ने एक साथ खाने का लुफ्त उठाया। इस कार्यक्रम के संचालक डॉ राकेश धीमान रहे और मंच का संचालन एडवोकेट नीरज तनेजा, हिमानी खोखा और अध्यापक ऑड्रीला ने किया।

# फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में 64वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ

## भौतिकवादिता की अंधी चकाचौंध में नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों को अपनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है : अनीता कुण्डू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय, हिसार में 64वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ अनीता कुंडू द्वारा किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने मुख्य अतिथि अनीता कुंडू एवं अन्य गणमान्य अतिथिगणों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए छात्राओं को खेल उत्सव की बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ी छात्राओं की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय की छात्राएं अनेक राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल कर चुकी हैं। उन्होंने छात्राओं को उद्बोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेल एक ऐसा क्षेत्र है जो परस्पर सहयोग एवं टीम की भावना उत्पन्न करके अच्छा कैरियर बनाने के साथ-साथ जीवन का सर्वांगीण विकास भी करता है।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री रामकुमार रावलवासिया ने गार्गी, मदालसा, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, कल्पना चावला, सुधामूर्ति, लोकमाता रानी रसमणी का स्मरण करते हुए अनीता कुंडू के साहसिक कार्य की प्रशंसा की।

मुख्य अतिथि अनीता कुंडू (पुलिस आफिसर, प्रेरक वक्ता एवं पर्वतारोही) ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, श्री भगत सिंह, श्री चन्द्रशेखर आजाद, श्री भीमराव अम्बेडकर, भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री अब्दुल कलाम, वर्तमान राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु तथा अपने पिता एवं दादा-दादी को स्मरण करते हुए संस्था की नींव की पहली ईंट रखने वाले उस अनाम मजदूर एवं फूल खिलाने वाले उस अनाम माली का धन्यवाद किया कि उनके द्वारा निर्मित यह संस्था दिन दुगनी-रात चौगनी उन्नति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भौतिकवादिता की अंधी चकाचौंध में नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों को अपनाकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है।

हिप्पा के सलाहकार श्री रमेश कुमार ने छात्राओं को उदबोधित करते हुए कहा कि उम्र इन्सान को जवान नहीं बनाती बल्कि उसके विचार और कर्म उसे जवान बनाते हैं। उन्होंने सुश्री अनीता कुंडू के जीवन की संघर्ष भरी दास्तान बता कर छात्राओं को जागरूक एवं उत्साहित किया।

आकाशवाणी केन्द्र के वक्ता श्री आजाद दुहन ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सशक्त भारत की सशक्त नारी बनने के साथ-साथ अच्छी माँ, अच्छी बेटी एवं अच्छी पत्नी बनकर दिखाना।

### ये रहे प्रतियोगिताओं के परिणाम

5000 मीटर की रेस में बी.ए. तृतीय वर्ष की निशा ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की रिंकी ने द्वितीय, बी.ए. तृतीय वर्ष की सोनिया एवं बन्ती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 3000 मीटर की रेस में बी.ए. तृतीय वर्ष की निशा ने प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की सोनिका ने द्वितीय, बी.ए. तृतीय वर्ष की बन्ती ने तृतीय स्थान तथा बी.ए. द्वितीय वर्ष की मोनिका व बी.ए. तृतीय वर्ष की संजू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। 1500 मीटर की रेस में बी.ए. द्वितीय वर्ष की रिंकी ने प्रथम, बी.ए. तृतीय वर्ष की निशा ने द्वितीय, बी.ए. प्रथम वर्ष की पूजा ने तृतीय स्थान तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की सोनिका, बी.ए. तृतीय वर्ष की बन्ती, बी.ए. तृतीय वर्ष की कविता, बी.ए. प्रथम वर्ष की हरप्रीत ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। लॉग जम्प में एम.ए. द्वितीय वर्ष की प्रीति ने प्रथम, बी.ए. द्वितीय वर्ष की रिंकी ने द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की नेहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हाई जम्प में बी.ए. प्रथम वर्ष की नेहा ने प्रथम, एम.ए. द्वितीय वर्ष की प्रीति ने द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय वर्ष की बन्ती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जेवलीन में बी.ए. द्वितीय वर्ष की रिंकी ने प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष की नेहा ने द्वितीय तथा बी.एससी. प्रथम वर्ष की तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डिसकस थ्रो में बी.ए. तृतीय वर्ष की भतेरी ने प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष की नेहा ने द्वितीय तथा बी.ए. प्रथम वर्ष की आरती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉटपुट में बी.ए. तृतीय वर्ष की निशा ने प्रथम, बी.ए. प्रथम वर्ष की मनीषा ने द्वितीय तथा एम.कॉम द्वितीय वर्ष की अनिशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय की योग खिलाड़ी छात्राओं ने आकर्षक प्रदर्शन करके सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया।

इस समारोह को सफल बनाने में अनेक महाविद्यालयों और विद्यालयों से आए प्रशिक्षक श्री प्रेम सुख, श्री भगीरथ, श्री कर्ण सिंह दलाल, श्री नवीन एवं श्रीमती स्वीटी, श्री जगदीश चन्द्र नुनियां आदि ने अपना योगदान दिया।

इस अवसर पर प्रबंध समिति के सदस्य श्री जेनेन्द्र कुमार जैन, श्रीमति एवं श्री शिव कुमार सिंगल, श्री बनारसीदास गुप्ता, श्री मदन लाल अग्रवाल, श्री राजेन्द्र कुमार गर्ग के अलावा डॉ. चन्द्रभान, वरिष्ठ पत्रकार श्री कमलेश भारतीय, श्री पवन कुमार के साथ समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित था।

# दंगल चैनल पर दिखेगी नितिन गोस्वामी की दीवानी

## हिसार निवासी नितिन गोस्वामी ने अनेक सीरियलों में धूम मचाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** हिसार निवासी नितिन गोस्वामी जिसने हिसार से मुम्बई पहुँच कर अपनी लगन व मेहनत से फिल्म नगरी में लोहा लेने का कार्य किया। नितिन ने जहाँ सीरियल जय बजरंग बली, गठबंधन, सिद्धी विनायक, सावधान इंडिया, कुमकुम भाग्य, सरोजनी, कुबूल में अपने किरदार से छाप छोड़ी, वहीं फिल्म बदमाशियां में अपने किरदार से हिसार ही नहीं बल्कि हरियाणा का नाम रोशन



किया। अब पूरी तैयारी के साथ दंगल चैनल पर दीवानी सीरियल में नजर आएंगे, यह सीरियल 18 मार्च से हर सोमवार से शनिवार तक रोजाना रात्रि 10 से 11 बजे तक प्रसारित किया जाएगा। नितिन गोस्वामी श्याम विहार, कैमरी रोड निवासी हैं तथा सीआईडी से सेवानिवृत इंस्पेक्टर भूषण गोस्वामी के पुत्र हैं। 13 साल से मुंबई की फ़िल्म नगरी में संघर्ष कर रहे नितिन गोस्वामी दीवानी सीरियल में पार्थ नामक युवक के रुप में नजर आएंगे। दीवानी में पार्थ की दिवानगी देखने को मिलेगी। प्यार की इस दिवानगी में वह कुछ भी कर सकता है। हदों को तोड़ती उसकी दिवानगी ने उसे सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। पार्थ की दीवानी बनी मीरा की नजर में प्यार ही पूजा है और प्यार ही पागलपन है। पार्थ के प्रति उसका दीवानापन ही धारावाहिक का केंद्र बिंदु है। इससे पूर्व अभी तक नितिन गोस्वामी के जितने भी सीरियल आये हैं, सभी बड़े चैनलों पर प्रसारित हुए हैं तथा लोगों ने खूब पसंद किए हैं। इसी तरह होश उड़ाने वाला म्यूजिक एल्बम किया जिसका नाम था दीवानगी में होश कहां, कहना गलत ना होगा कि धारावाहिक हो या म्यूजिक एल्बम नितिन की दीवानगी हर जगह नजर आई।



दीवानी सीरियल के पोस्टर के साथ नितिन गोस्वामी।

# नीतू मलिक के ऑस्ट्रेलिया मे काउंसलर चुनाव की जीत के लिए उमरा में किया हवन

## शुरू से ही नीतू मलिक में लीडर वाले गुण रहे हैं : डॉ. सुनील मलिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 मार्च :** उमरा गांव की बेटी नीतू सिंह मलिक ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में स्टेट काउंसलर का चुनाव लड़ रही है। स्टेट काउंसलर चुनाव में नीतू मलिक की जीत के लिए उसके पैतृक गांव में उनके बड़े भाई डॉक्टर सुनील मलिक सभी परिजनों एवं ग्रामीणों द्वारा देवी भवन मंदिर में हवन किया। सुनील मलिक ने बताया कि नीतू मलिक सुहाग भारतीय मूल की पहली महिला है जो ऑस्ट्रेलिया के ब्रिसबेन में स्टेट से काउंसलर का चुनाव लड़ रही है। उन्होंने बताया कि नीतू ऑस्ट्रेलिया ब्रिसबेन में सत्ताधारी लेबर पार्टी से अपना स्टेट काउंसलर का चुनाव लड़ रही है। उनकी जीत के लिए उनके गांव उमरा में हवन करते हुए भगवान से प्रार्थना की कि वह अपने इस चुनाव में भारी मतों से विजई हो। नीतू मलिक के बड़े भाई सुनील मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि नीतू को ऑस्ट्रेलिया में भारी जन समर्थन मिल रहा है और उन्हें पूरा विश्वास है कि इस स्टेट काउंसलर चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर उनके भाई सुनील मलिक( सदस्य कार्यकारिणी हरियाणा भाजपा) सात बास खाप के प्रधान बलवान सिंह मलिक, उमरा के सरपंच विनोद मलिक, उनके चाचा राम भगत मलिक, पंडित अनिल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कौन है नीतू मलिक

ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में स्टेट काउंसलर का चुनाव लड़ रही नीतू हरियाणा के हांसी हल्के के उमरा गांव की बेटी है। नीतू ताउम्र सात बास खाप के प्रधान रहे हरलाल सिंह मलिक की पौत्री है। उन्होंने बीए तक की पढ़ाई हांसी के एस डी महिला कॉलेज से की और एम ए, एमफिल महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक से की। वह राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स खिलाड़ी भी रही है और पिछले 16 वर्षों से ब्रिसबेन ऑस्ट्रेलिया में नागरिकता लेकर रह रही है नीतू वहां की स्थाई नागरिक है।



नीतू मलिक का परिवार हांसी में वकील कॉलोनी में रहता है। उनकी माता राजकली हेड मास्टर के पद से रिटायर्ड है और दो भाई डॉक्टर सुनील व डॉक्टर संजीव मलिक हैं। वही वकील कॉलोनी वार्ड न. 23 के पार्षद आशीष पिंकू ने कहा हमारे लिए बहुत गर्व की बात है कि हमारे हांसी हल्के की नीतू मलिक ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में स्टेट काउंसलर का चुनाव लड़ रही है। यह हमारे लिए बहुत गर्व की बात है हम उनकी जीत के लिए भगवान से प्रार्थना करते है। नीतू मलिक ऑस्ट्रेलिया में जीत कर हांसी हल्के का नाम रोशन करे।

# जेडी टॉरस ने हिसार में शुरू किया आधुनिक फायरआर्म्स (बंदूक) कारखाना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** जिंदल डिफेंस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (जेडीएसपीएल) ने अपने अत्याधुनिक फायरआर्म्स (बंदूक) बनाने के कारखाने में उत्पादन शुरू कर दिया है। यह भारत को रक्षा और सुरक्षा के अहम क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास है। ब्राजील की अग्रणी ग्लोबल कंपनी टॉरस अरमास एस.ए. के साथ एक साझा उद्यम लगाया गया है। इसके तहत हिसार में जेडी टॉरस ब्रांड नाम से जेडीएसपीएल का उपक्रम लगाया गया है। यह परियोजना भारत में फायरआर्म्स (बंदूक) निर्माण का पूरा परिदृश्य ही बदल देगी। इससे आयात पर भारत की निर्भरता कम होगी। प्रतिष्ठित ओपी जिंदल परिवार के वंशज श्री अभ्युदय जिंदल ने इस कंपनी में निवेश किया है।

यह कारखाना दो एकड़ में फैला हुआ है। इसमें विश्व स्तरीय विशेषज्ञता और आधुनिकतम तकनीक का मिश्रण किया गया है। कारखाने की सालाना उत्पादन क्षमता 2,50,000 हथियार बनाने की है। यह देश में बढ़ती मांग को पूरा करने में जेडी टॉरस को रणनीतिक रूप से सक्षम बनाता है। अगले वित्त वर्ष में कंपनी का लक्ष्य 25,000 से 30,000 हथियार बनाने का है। तेजी से बड़ी संख्या में हथियार बनाने की काबिलियत (स्केलेबिलिटी) और उत्पाद विविधीकरण के लिए निर्मित जेडीएसपीएल ने गृह मंत्रालय सहित सभी आवश्यक नियामक अनुमोदन और मंजूरियां प्राप्त कर ली हैं। सभी तरह के परीक्षण और जांच-पड़ताल कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपायों के साथ कर लिए गए हैं। ये परीक्षण टॉरस अरमास की तरह किए गए हैं। डिजाइन से लेकर एकीकरण, परीक्षण और फायरिंग जांच तक की पूरी प्रक्रिया का बड़ी सावधानी से पालन किया गया है।

इस अवसर पर जेडी टॉरस के मुख्य व्यवसाय अधिकारी (चीफ बिजनेस ऑफिसर) कर्नल अमित बवेजा (रिटायर्ड) ने कहा कि स्वदेशी हथियार निर्माण को प्राथमिकता देकर और मेक इन इंडिया प्रयासों के साथ जुड़कर, जेडी टॉरस हमारी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही स्थानीय प्रतिभाओं को भी अवसर दिया जाएगा और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान दिया जाएगा। हमारा जोर सरकारी क्षेत्र, खासकर सैन्य, अर्ध-सैन्य बलों के अलावा विभिन्न राज्यों की पुलिस और उनकी बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए बेहतर हथियार उपलब्ध कराने पर है।

# द ई5 महिला महाविद्यालय में आयोजित की गई द्वितीय खेल प्रतियोगिता

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 16 मार्च :** द ई5 महिला महाविधालय गढ़ी में द्वितीय खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप ने छात्राओं को संबोधित करते हुए खेल के महत्व पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं से आहवान किया कि वे किसी खेल में अवसय भाग ले ताकी वो स्वस्थ रह सके, क्योंकि स्वस्थ बॉडी में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। स्वस्थ व्यक्ति समाज के लिए बोहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि उसमें नई ऊर्जा का संचार होता होता हैं तथा वह समाज की उन्नति में अपना संपूर्ण योगदान दे सकता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने बताया कि वो इस प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग ले ताकी स्वस्थ प्रतिस्पर्धा हो सके। प्रतियोगिताओं में सभी छात्राओं ने भाग लिया जिसमें प्रतिस्पर्धाओं में 100 मीटर रेस में प्रथम स्थान पर नीतू व द्वितीय स्थान पर सोनिका व तीसरा स्थान मोनिका रोल नंबर 85 ने प्राप्त किया व 200 मीटर रेस में नीतू ने प्रथम स्थान व मोनिका रोल नंबर 85 ने द्वितीय स्थान व तीसरा स्थान पर सोनिका ने प्राप्त किया व शॉट पुट थ्रो में प्रथम स्थान नीतू व द्वितीय स्थान रमन व तीसरे स्थान पर तम्मना रही। 400 मीटर रेस में प्रथम नीतू द्वितीय सोनिका तीसरे स्थान पर मोनिका 85 रोल नम्बर रही। डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान पर तमन्ना व द्वितीय स्थान पर मोनिका रोल नंबर 95 व तीसरे स्थान पर मनीषा ने प्राप्त किया व लॉन्ग जंप में प्रथम स्थान मोनिका रोल नंबर 95 व द्वितीय स्थान पर सोनिया व तीसरे स्थान पर मोनिका 85 रोल नंबर व हाई जंप में प्रथम स्थान मोनिका रोल नंबर 95 व द्वितीय स्थान पर सोनिका व तृतीय स्थान मुन्नी ने प्राप्त किया व जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान पर सोनिका व द्वितीय स्थान पर तमन्ना द्वितीय वर्ष व तीसरे स्थान पर मनीषा द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सभी प्रतियोगिताएं का आयोजन डॉ चंद्रेश की देख रेख में हुआ व निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ भावना, मिस मोनिका, मिस किरण, मिस काजल मिस प्रीती व मिस श्वेता ने किया व मंच संचालन मिस योगिता ने किया व सभी स्टाफ उपस्थित रहे।






# इलेक्टोरल बॉन्ड भारत देश में सबसे बड़ा घोटाला है : बजरंग गर्ग

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग ने पत्रकार वार्ता में कहा भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्रदेश का किसान, कर्मचारी, व्यापारी व आम जनता दुखी है। प्रदेश की जनता की भारी नाराजगी को देखते हुए भाजपा ने मनोहर लाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का काम किया। चुनाव के समय भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री बदलने से क्या किसान, कर्मचारी, मजदूर, व्यापारी व आम जनता की नाराजगी दूर हो जाएगी। जिस प्रकार 9.5 साल में भाजपा सरकार ने किसानों, सरकारी कर्मचारी, छात्र, आंगनबाड़ी महिलाएं व चुने हुए सरपंचों को दौड़ा-दौड़ा कर लाठियां से पीटने का काम किया क्या जनता उसे भूल जाएगी। आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनाव में जनता वोट की चोट से भाजपा को घर बिठाने का काम करेगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड भारत देश में सबसे बड़ा घोटाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कहा था कि विदेशों से काला धन लाएंगे और हर व्यक्ति को 15-15 लाख रुपए दिए जाएंगे जबकि हकीकत यह है की काला धन वाली कंपनियों से भारतीय जनता पार्टी ने मोटा चंदा लेना था जो कि भाजपा सरकार में सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके अरबों रुपए का चंदा लेने का काम किया है। 22,217 इलेक्टोरल बॉन्ड



बेचे गए हैं उनमें से केवल अब तक 18,771 बॉन्ड की जानकारी दी गई है। बाकी की पूरी जानकारी एसबीआई बैंक को सार्वजनिक करनी चाहिए जबकि सुप्रीम कोर्ट ने अधूरी जानकारी देने के लिए एसबीआई को फटकार तक लगाई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार कि यह नीति है कि हमें मलाई खाने के लिए चंदा दो और बदले में धंधा लो। यहां तक की 14 ऐसी कंपनियां है जिस पर ईडी व सीबीआई की कार्रवाई की गई ईडी व सीबीआई की कार्रवाई के तुरंत बाद मजबूरी में कंपनियों ने भारतीय जनता पार्टी को मोटा चंदा देना पड़ा। पूर्व आईएएस चंद्र प्रकाश, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छत्रपाल सोनी, प्रदेश प्रवक्ता तेजवीर पूनिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सारण, महिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष संतोष जून, डॉ कुलवंत मोर,चंद्रभान काजला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री कृष्ण दुग्गल, संदीप धीरणवास, राजेंद्र बंसल, निरंजन गोयल , साधुराम, उमेश कुमार आदि कांग्रेसी नेता मौजूद थे।

# इलेक्टोरल बॉन्ड से कई 100 करोड़ का घोटाला करके भाजपा ने रचा भ्रष्टाचार का इतिहास : खोवाल

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 16 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से वसूल की गई करोड़ों की रकम को भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा बताते हुए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट ने पार्टी की कड़ी निंदा की है। हिसार के लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के सदस्यों एवं अन्य अधिवक्ताओं ने बैठक करके स्पष्ट किया कि इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से भाजपा ने कई सौ करोड़ का घोटाला किया है। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रतन सिंह पानू की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में भाजपा द्वारा मोटा चंदा वसूलने के तरीकों का विस्तार से खुलासा किया गया। बैठक के दौरान हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड आजादी के बाद देश का सबसे बड़ा घोटाला है। इस घोटाले से जुड़े लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के लिए हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट प्रभावी कदम उठाएगा। यदि इन लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई न की गई तो हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा धरना व प्रदर्शन भी किया जाएगा। खोवाल ने



कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी को सार्वजनिक करने से हर हाल में बचना चाहती है। इसलिए इलेक्टोरल बॉन्ड की अधूरी जानकारी देने पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए एसबीआई के प्रति नाराजगी भी जताई है। एसबीआई द्वारा यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक कोड का खुलासा करते ही भाजपा को कुल कितने सौ करोड़ का चंदा किससे मिला है, इसका पर्दाफाश हो जाएगा। हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट की बैठक में राज्य सचिव श्वेता शर्मा, अधिवक्ता अजमेर सिंह मोर, राज्य सचिव पवन तूंदवाल व कुलवंत सिंह सैनी, सरबजीत सिंह, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव एडवोकेट हिमांशु आर्य खोवाल, जिला महासचिव विपिन सलेमगढ़ व आशा बहलान, जिला सचिव गौरव टुटेजा, सहिल लाडूना, हिमांशु आर्य खोवाल, बलबीर कटारिया व ओमप्रकाश धरतरवाल सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### सार्वजनिक सूचना

मैं, service No. 5008192M Rfn/Gd औम प्रकाश, यूनिट 4 आसाम राईफल, पुत्र श्री सीताराम, निवासी गांव जमावड़ी, तह. हांसी, जिला हिसार सूचित करता हूं कि मेरी माता संतरा देवी की जन्मतिथि मेरे सर्विस रिकार्ड में 01.07.1960 दर्ज की गई है,जबकि मेरी माता संतरा देवी की असल जन्म तिथि 01.01.1948 है। अब मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता संतरा देवी की जन्म तिथि 01.01.1948 दुरूस्त की जाए। यह जन्म तिथि दुरूस्त करवाने बाबत तमात जिम्मेवारी मेरी होगी।

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

### एचडीएफसी बैंक की शाखा का स्थानान्तरण

सारे ग्राहकों को सूचित किया जाता है एच.डी.एफ.सी. बैंक, 43-44 जीटी रोड, गांधी मार्केट, हांसी हरियाणा (125033) 18 मार्च 2024 से नए परिसर में स्थानान्तरित की जाएगी।

HDFC BANK

नया पता : एच.डी.एफ.सी. बैंक, ग्राउंड एवं फर्स्ट फ्लोर पार्ट ऑफ यूनिट नं. 1110/16 वाका शांति निकेतन कालोनी जीटी रोड नजदीक अग्रसैन चौक, हांसी, जिला हिसार, हरियाणा 125033

संपर्क अंशुल कुमार (ब्रांच मैनेजर) 9729064648

सोमवार से शनिवार : सुबह 9:30 से शाम 3:30 बजे तक
दूसरा, चौथा शनिवार और हर रविवार बंद

### RELOCATION OF BRANCH

All costomer are informed that the **HDFC Bank Ltd. 43-44, GT Road, Gandhi Market, Hansi, Haryana-125033** is relocation to the following address, from 18 March 2024

HDFC BANK

**New Address :** Ground and First Floor, Part of Unit No. 1110/16, Vaka Shanti Niketan Colony, GT Road, Near Aggarsain Chowk, Hansi. Distt. Hisar, Haryana 125033

**Contact : Anshul Kumar (BM) : 9729064648**

Monday to Saturday : 9:30 AM to 3:30 PM
Second, Fourth Saturday & Every Sunday Closed

### नाम परिवर्तन

मैं, ओम प्रकाश पुत्र हाकिम राम, निवासी गांव व डाकखाना चांग, भिवानी-127027 घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम ओमप्रकाश से बदलकर **ओम प्रकाश धमीजा** रख लिया है। भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए मुझे ओम प्रकाश धमीजा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

### खोया/पाया

मैं राज सिंह म.न. 435 डिफैंस कालोनी, हिसार का रहने वाला हूं। अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे कुछ डॉक्यूमेंट कोर्ट कॉम्पलेक्स के आसपास दिनांक 10/03/2024 को गुम हो गए हैं, जिसमे मेरा इंडस्ट्रियल प्लॉट अलॉटमेंट नं. 12137 दिनांक 11/10/1990, बिल्डिंग प्लान ऑफ एचएसवीपी /एचएसआईआईडीसी ऑफ प्लॉट नं. 121 सेक्टर-27.28 हिसार, ऑरिजनल आरसी. ऑफ व्हीकल नं. एचआर20जे-1082 जिस किसी को भी मेरे डॉक्यूमेंट मिलते हैं, उपरोक्त पते पर भिजवाने का कष्ट करें।

### हरियाणा पशु चिकित्सा टीका संस्थान, हिसार

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण जनता विशेषकर स्क्रैप डिलर्स को सूचित किया जाता है कि पुराने नाकारा सामान जैसे- लकड़ी का स्क्रैप (फट्टे, चौखट टाइप फ्रैम इत्यादि) व लोहे का स्क्रैप (G.I. Pipe, Iron Angle, लोहे की चद्दर इत्यादि) व अन्य नाकारा सामान दिनांक 19.03.2024 व 21.03.2024 को सुबह 11:00 बजे संस्थान निदेशक, हरियाणा पशु चिकित्सा टीका संस्थान, हिसार के परिसर में आम निलामी द्वारा बेचा जाएगा। बोलीदाता को बोली में भाग लेने से पूर्व 5000 रूपए धरोहर राशि जमा करवानी होगी तथा बोली की पूरी राशि बोली स्वीकार होने पर उसी दिन मौके पर जमा करवानी होगी। सामान का निरीक्षण उसी दिन मौके पर सुबह 10:00 बजे से 10:30 बजे के मध्य किया जा सकता है।

अन्य शर्तें मौके पर सुना दी जाएंगी।

-संस्थान निदेशक,
हरियाणा पशु चिकित्सा टीका संस्थान, हिसार।






# दीप ठकराल बने डेयरी एसोसिएशन के प्रधान



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 16 मार्च :** आज डेयरी व्यापरियों की बैठक तिकोना पार्क हांसी के पास स्थित डेयरी मोहल्ला में सरपंच संदीप की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें व्यापारियों की हितों के लिए यूनियन बनाने पर चर्चा हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश ठकराल के भाई दीप ठकराल को प्रधान, सरपंच संदीप को सरपरस्त, मोनू ठकराल को उपाध्यक्ष और बलवान जोगी को कोषाध्यक्ष चुना गया। विचार विमर्श करके सबके सुझाव लेकर व्यापारियों को होने वाली समस्याओं को हल करने की रूपरेखा बनाई गई कि इसे रजिस्टर्ड करवाया जाएगा तथा प्रधान का कार्यकाल तीन साल का रखा गया। इस अवसर पर इन चारों की सहमति से रमेश यादव, राजू तेहरी, धर्मवीर कोहली, चीनू बत्रा, संजय यादव, मोहित (काला) मखीजा, कुलदीप जोगी, को कार्यकारिणी सदस्य चुना. पगड़ी एवं फूल-मालाओं से प्रधान का स्वागत किया गया। इस अवसर पर सुरेश सरपंच, दिलबाग चैनत, सतीश मखीजा, ओम प्रकाश चुघ, कृष्ण खुराना, राजा जोगी, विजय कथूरिया, पप्पू जोगी, पप्पू बाग वाले, मोनू बागा, नंदू पंडित, विपिन मेहता, पवन लालपुर, भूषण खुराना, ओमप्रकाश खुराना, सुरेंद्र सुखीजा, बिट्टू नारंग, रंजीत कोली, सतीश जाट, सुरेश सातरोड़, संजय रावल, अजयपाल, मौजिज खुराना, भगत सिंह, विजय गुर्जर, बलजीत कुंभा, राजू सुलचानी, देसराज खुराना, मुकेश सैनी, दलसिहं, होशियारा उमरा, आजाद गादड़, अशोक चूचरा, कुलदीप लीलूराम राजली, इत्यादि उपस्थित थे।

# कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों को दी जाएगी 6 हजार रुपए पेंशन : प्रेम सिंह मलिक



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 16 मार्च :** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह मलिक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 10 सीट जितने का काम करेगी। मलिक ने कहा कि हरियाणा में पूर्ण बहुमत से पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनाएगी। मलिक ने कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से संगठित है। कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव महंगाई, बेरोजगारी और विकास जैसे मुद्दों को लेकर लड़ा जाएगा। कांग्रेस नेता मलिक ने कहा कि सरकारी पोर्टल किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य और मुआवजे से वंचित करने का हथियार बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही ऐसे सभी पोर्टल बंद कर दिए जाएंगे, जो गैर जरूरी हैं। प्रेम सिंह मलिक ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर बुजुर्गों की 6 हजार रुपए पेंशन, गरीब आदमी को 100,100 गज के मुफ्त प्लॉट और दो कमरों का सैट बना कर देगी। मलिक ने कहा कि गरीब आदमी को 300 यूनिट बिजली मुफ्त, 500 रूपए का गैस सिलेंडर व कर्मचारियों के लिए ओल्ड पैंशन सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से पूरी तरह से तंग आ चुकी है और जनता कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का मन बना चुकी है।

# पीएम मोदी को 'वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ' घोषित करने हेतू लिखे पत्र की प्रतिलिपि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को भेजी : सत्यपाल अग्रवाल



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 16 मार्च :** स्वैच्छिक सामाजिक संस्था सजग व यज्ञ-हवन विश्व कल्याण के अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 'वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ' घोषित करने हेतू लिखे पत्र की प्रतिलिपि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को भेजते हुए कहा है कि आप स्वयं वैदिक विद्वान है और वेदों के महत्व को समझते हैं तथा वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करवाने के लिए प्रयास करने में सक्षम भी हैं। इसलिए इस पर विचार करें। अग्रवाल द्वारा प्रधानमंत्री को लिखे गए पत्र में वेदों पर विस्तृत जानकारी देने के साथ वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ बनाने की मुख्य वजह बताते हुए कहा गया है कि वेद किसी ऋषि मुनि या मनुष्य द्वारा रचित न होकर अपौरुषेय है; श्रुति ग्रंथ हैं तथा भगवान का निःश्वास है। वेदों का समस्त ज्ञान-विज्ञान सत्य होने के साथ-साथ देश, काल तथा जाति बन्धनों से मुक्त है। वेद मनुष्य की उत्पत्ति के साथ ही उनके कल्याण और ब्रह्मांड के सुव्यवस्थित संचालन के लिए परमात्मा द्वारा प्रदत्त सृष्टि की प्रथम पुस्तक है। वास्तव में तो वेद वैश्विक ग्रंथ हैं। इसीलिए वेद एकमात्र ऐसा ग्रंथ है जो राष्ट्रीय ग्रंथ बनने के लिए सर्वथा योग्य है। सनातन वैदिक ज्ञान के आधार पर ही भारत विश्व गुरु कहलाता था और वेद ही भारत को विश्व गुरु बना सकते हैं। अतः वेदों को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किया जाए। इससे पूर्व सत्यपाल अग्रवाल ने सीधे प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था व तत्कालीन निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता को भी प्रधानमंत्री के नाम लिखा पत्र सोपा गया है।

फ्लैश : रेवाड़ी के गांव हरी नगर रेलवे ट्रैक पर एक महिला अपनी बेटी के साथ बैठ गई। इस दौरान ट्रेन ड्राइवर ने हॉर्न बजाकर दोनों को उठाने का काफी प्रयास किया मगर वह असफल रहा। ट्रेन दोनों मां बेटी के ऊपर से गुजर गई, जिससे उनकी मौत हो गई।

# महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 16 मार्च :** भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की एन एस एस यूनिट द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आरंभ सभी स्वयंसेविकाओं ने एक साथ सूर्य नमस्कार की गतिविधि में हिस्सा लेकर किया। इसके बाद एन एस एस स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया जिसके अंतर्गत उन्होंने महाविद्यालय में सफाई की व पौधों की क्यारियाँ बनाई। इस अवसर पर महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने एन एस एस छात्राओं द्वारा इस शिविर में किए गए कार्यो की सराहना की। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ नीलम प्रभा ने कहा कि एन एस एस के माध्यम से हम निस्वार्थ भाव से किसी की सहायता करना सीखते है। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ शमीम शर्मा ने बताया कि एनएसएस का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए जागरूक करना है। इसके अतिरिक्त एन एस एस प्रभारी श्रीमती ज्योति वर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेविकाओं ने बेस्ट आउट आफ वेस्ट और पत्तों द्वारा प्लेट व कटोरी बनाओ प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बेस्ट आउट आफ वेस्ट प्रतियोगिता में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा सुनीता ने द्वितीय स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नवीना ने तृतीय स्थान व दो छात्राएँ बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा सुमरन व बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। पत्तों द्वारा प्लेट व कटोरी बनाओ प्रतियोगिता में बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजलि ने प्रथम स्थान, बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने द्वितीय स्थान व बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा दर्शना ने तृतीय स्थान हासिल किया।

# वाल्मीकि समान को टिकट न देना ओछी मानसिकता : इन्द्र राज धुन्धवाल



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 16 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा व राज्यसभा में वाल्मीकि समाज को टिकट न देकर ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। एक बयान में उपेक्षित दलित समाजिक परिषद के प्रदेशाध्यक्ष इन्द्र राज धुन्धवाल चुली बागडियान ने कहा कि भाजपा हमेशा दलित समाज की विरोधी रही है, खास तौर पर वाल्मीकि समाज की। भाजपा हर जगह राजनीतिक रूप से वाल्मीकि समाज जिसका उदाहरण भाजपा ने हरियाणा में दोनों लोकसभा सीट से वाल्मीकि समाज की टिकट काट कर दिया है, भाजपा कभी भी दलित हितैषी नहीं रही। उन्होंने कहा कि सिर्फ वाल्मीकि समाज को मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाने का काम कर रही है। उन्होंने वाल्मीकि समाज का आह्वान किया कि समाज का एक-एक वोट कांग्रेस पार्टी को दें। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा वाल्मीकि समाज व प्रत्येक बिरादरी को सम्मान व हिस्सेदारी देने का काम किया है।

# राजेश हिन्दुस्तानी ने हिसार से अयोध्या तीर्थ यात्रा पर जा रही बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**पाठकपक्ष न्यूज, हिसार, 16 मार्च :** सर्वधर्म समाज सेवा समिति द्वारा पुराने गवर्ननैंट कॉलेज मैदान हिसार से अयोध्या तीर्थ यात्री बस भेजी गई। समिति प्रधान मनोहर लाल बिंदल व डॉ. सीताराम सोनी ने इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि हिसार के प्रसिद्ध देशभक्त, समाजसेवी गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी को बनाया और उनसे बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करवाया। इस मौके पर प्रधान बिंदल व अन्य पदाधिकारियों ने श्री राम का पटका पहनाकर व पुष्प वर्षा करके राजेश न्दिुस्तानी का स्वागत करते हुए कहा कि हिन्दुस्तानी हिसार की नहीं पूरे देश की शान हैं जो तिरंगा मैन और सच्चे देशभक्त हैं। वे कई वर्षों से निःस्वार्थ समाज व देश की भलाई हेतु हमेशा लगे रहते हैं और सबके प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इन्होंने अपना पूरा जीवन मानवता व देशहित में हरेक आवाज बुलंद करने में लगाया हुआ है। हिन्दुस्तानी ने समिति का धन्यवाद व सराहना करते हुए बताया कि यह तीर्थ यात्रा बस हिसार से वृंदावन, आयोध्या, चित्रकूट,


